हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 9.8 डिग्री

12 गांव तंदवाली डेरा बेगमपुरा में उमड़ा श्रद्धा का जन सैलाब



12 लालच देकर ठगी करने वाले एजेंटो पर कार्रवाई के निर्देश



## खबर संक्षेप

### मारपीट कर चोरी करने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस ने राजीव कॉलोनी में घर में घुसकर बाबा के साथ मारपीट कर नगदी व अन्य सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों गांव मनाना हाल राजीव कॉलोनी निवासी अंकित, भारत नगर कॉलोनी निवासी सागर व वार्ड-13 निवासी अनुराग उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। वहीं, जांचाधिकारी चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि समालखा में लाइन पार राजीव कॉलोनी निवासी बाबा शंकर दास की शिकायत पर केस दर्ज है।

### ठगों को सिम कार्ड बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने 10 लाख 49 हजार रूपए की साइबर ठगी मामले में ठगों को सिम कार्ड बेचने वाले आरोपी दिल्ली के सुलतानपुर के सुलेमान नगर निवासी योगेश को नांगलोई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना साइबर क्राइम प्रभारी अजय ने बताया कि इस केस में नरेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** पानीपत में रोहतक बाईपास के पास गुरुवार सुबह कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में फारूक निवासी गांव सौदापुर की मौत हो गई जबकि मुकेश कश्यप घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जबकि हुडा सेक्टर 29 थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि कार चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बिल अपडेट के नाम पर युवक से ठगी

**पानीपत।** पानीपत हुडा सेक्टर 18 निवासी पंकज से साइबर ठगों ने बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर 1 लाख 93 हजार 200 रुपए की ठगी कर ली। वहीं पंकज की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पानीपत में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, थाना साइबर सेल प्रभारी अजय ने बताया कि पंकज का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### लिवजोत ने तलवारबाजी में कब्जाया कांस्य पदक

**जींद।** स्टेट गेम्स तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट गेम्स 2025-26 एकल प्रतियोगिता सीनियर में रजत पदक एवं टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी जीत का परचम फहराया है। जींद जिले के लिवजोत ने तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 एकल प्रतियोगिता में भी जूनियर में स्वर्ण और सीनियर में रजत एवं टीम प्रतियोगिता में सीनियर में कांस्य व जूनियर में रजत पदक प्राप्त कर अपना परचम फहराया। लिवजोत एक होनहार खिलाड़ी है।

## सीएम नायब सिंह सैनी ने लिया साध्वी का आशीर्वाद

# साध्वी ऋतंभरा का जीवन त्याग तपस्या, अटूट संकल्प का प्रतीक

*दीदी मां की प्रेरणा से ही वृंदावन में 'वात्सल्य ग्राम' जैसी व्यवस्था साकार हुई है, जहां अनाथ बच्चों, निराश्रित माताओं और वृद्धजनों को जीवन जीने का अवसर मिलता है।*

- पत्नी सुमन सैनी के साथ भगवान श्रीराम की आरती भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

श्रीराम रसा अमृत कथा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी के साथ कथा श्रवण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव ने तीन सिद्धांत बताए। नाम जपना, कीरत करनी और वंड छकना अर्थात ईश्वर का स्मरण करना, ईमानदारी से कमाना और अपनी कमाई में से जरूरतमंदों के साथ बांटना। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर हम सभी को गुरु नानक देव के इन उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह गर्व का विषय है कि उनके गृह क्षेत्र में पद्मभूषण अलंकृत वात्सल्य मूर्ति पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा तीन दिवसीय श्रीराम रसा अमृत कथा का वाचन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दीदी मां के आगमन से नारायणगढ़ की धरती धन्य हो गई है। दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का जीवन त्याग, तपस्या और अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपना जीवन सनातन धर्म और समाज सेवा को समर्पित किया है। उनकी वाणी में एक अद्भुत जोश और प्रेरणा है जो लाखों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दीदी मां की प्रेरणा से ही वृंदावन में 'वात्सल्य ग्राम' जैसी मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत व्यवस्था साकार हुई है। जहां अनाथ बच्चों, निराश्रित माताओं और वृद्धजनों को ममता, शिक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा दर्शाती है कि धरती पर कोई अनाथ नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री सनातन जागरण मंच द्वारा इस धार्मिक आयोजन की प्रशंसा करते हुए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की और आयोजन समिति की सराहना की। दीदी मां ने सभी को गुरु पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव ने एक ओंकार का संदेश दिया- नाम भले ही अलग-अलग हों, भगवान एक ही है। उन्होंने कहा कि सूरज के प्रकाश से जैसे जगत प्रकाशित होता है, वैसे ही सतगुरु के प्रकट होने से अंतःकरण प्रकाशित होता है।



शहजादपुर। साध्वी ऋतबंरा का पत्नी सुमन सैनी के साथ आशीर्वाद लेते सीएम नायब सैनी।

### सत्संग मिलना परम सौभाग्य : साध्वी ऋतंभरा

*दीदी मां ने कहा कि मनुष्य का शरीर मिलना बहुत भाग्य की बात है। वैसे ही सत्संग मिलना भी परम सौभाग्य है। रामचरित मानस वह दर्पण है जो मन के विकारों को दिखाता है। सत्संग में आकर अंतःकरण का दर्शन होता है, बिन सत्संग विवेक न होई। चुप रहने के लिए धैर्य आवश्यक है। दीदी मां ने भक्तों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत जैसी पुण्य भूमि पर हुआ है, जहां समय-समय पर भगवान ने अवतार लेकर मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी प्रभु को भी अपने भक्तों से काम पड़ता है।*

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्जर, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, बंतो कटारिया, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, एसडीएम शिवजीत भारती, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# गद्दा फैक्ट्री में आग लगने से सामान जलकर राख



यमुनानगर। भाटिया नगर में गद्दा फैक्टरी में लगी हुई आग।

- दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की भाटिया नगर स्थित गद्दा फैक्ट्री में बीती रात अचानक आग लग गई। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से फैक्ट्री में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

शहर की भाटिया नगर में गद्दा फैक्ट्री है। गद्दा फैक्ट्री के दो पोर्शन बने हुए हैं। दोनों पोर्शनों में सामान भरा पड़ा है। बीती रात को करीब आठ बजे पड़ोसियों ने गद्दा फैक्ट्री के ऊपर के पोर्शन में धुआं उठता देखा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना फैक्ट्री मालिक को दी। फैक्ट्री मालिक ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया मगर फैक्ट्री में अधिक सामान पड़ा होने के कारण आग तेज गति से भभकने लगी। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया मगर एक गाड़ी आग पर काबू नहीं पा सकी। दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आग के कारण अज्ञात

आग किस कारण से लगी अभी इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मगर अंदेशा जताया जा रहा है कि रात को गुरु पूर्व होने के कारण फैक्ट्री के आसपास बच्चे पटाखे जला रहे थे। पटाखे की चिंगारी फैक्ट्री में जा गिरी। जिस कारण फैक्ट्री में आग लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## शिक्षा मंत्री ने लगाया खुला दरबार

# बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : कमलेश ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार अभियान से लौट आए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और जनता के अभूतपूर्व समर्थन से बिहार में एनडीए गठबंधन स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहा है। यह जनादेश विकास, विश्वास और सुशासन की जीत का प्रतीक होगा। मंत्री ढांडा, वीरवार को भाजपा कार्यालय में में जनता दरबार लगा कर जन सुनवाई की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि बिहार में इस बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इधर, ढांडा ने जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए और प्रत्येक आवेदक को कार्यप्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि "जनता की सेवा और संवाद मेरे कार्य की प्राथमिकता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मेयर कोमल सैनी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए।

### हरियाणवी मखौल कार्यक्रम आज

**थानेसर।** हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज 7 नवंबर को हरियाणवी मखौल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भरतमुनि रंगशाला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हरियाणा के हास्य कलाकार अपने हास्य-व्यंग्यों तथा चुटकियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणवी मखौल कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के सात हास्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। आमंत्रित कलाकारों में रेनू दूहन, मोहन दलाल, संजीत कौशिक, डॉ. राजीव शर्मा सहित कुरुक्षेत्र के शिवकुमार किरमच, नरेश सागवाल तथा प्रेम शर्मा हरियाणवी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# यमुनानगर : मछली पालन के लिए बनाए गए तालाब में डूबने से मासूम की मौत

- घर के बाहर खेलता हुआ घुटनों के बल चलकर तालाब में जा गिरा डेढ़ वर्षीय बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव अमादलपुर में मछली पालन के लिए बनाए तालाब में डूबने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा अपने घर के बाहर ही खेल रहा था। ऐसे में वह घुटनों के बल चलते हुए घर से मात्र 25 मीटर दूरी पर बने तालाब में गिर गया। परिजनों को जब बच्चा घर के बाहर नहीं मिला तो उन्होंने तालाब में बच्चे को ढूंढा। इसके बाद तालाब से बच्चे का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

बिहार के जिला मधुबनी निवासी भरत ने बताया कि वह अमादलपुर के पास एक प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता है और गांव में किराए के मकान में पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। उसका छोटा बेटा डेढ़ वर्षीय प्रियांशु अभी घुटनों के बल ही चलता है। उसके घर के पास एक मछली पालन का तालाब बना हुआ है। गत बुधवार को वह अपने काम पर गया हुआ था। उसकी पत्नी व बच्चे घर पर थे। शाम को उसके पास कॉल आई कि उसका छोटा बेटा प्रियांशु जो अभी घुटनों पर ही चलता है काफी देर से मिल नहीं रहा है। सूचना मिलते ही वह काम से तुरंत घर आया। उसने देखा कि परिजन व पड़ोस के लोग आसपास के एरिया में बच्चे की तलाश कर रहे थे। काफी देर तक तलाशने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो शक होने पर उन्होंने घर के पास बने मछली पालन के तालाब में तलाशने की सोची। पानी में तलाशने पर काफी देर बाद उन्हें प्रियांशु तालाब में से बरामद हुआ। जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में जांच कर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भरत ने बताया कि उसका बच्चा अभी घुटनों के बल चलता था। अभी उसने बोलना भी नहीं सीखा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# एलसीएलओ कर्मी मंत्री विज के आवास पर करेंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ के प्रति सरकार के नकारात्मक रवैए से कर्मचारियो में रोष है। इसी रोष स्वरुप पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला के एलसीएलओ कर्मचारी 13 नवम्बर को अंबाला में इक्ट्ठा होकर मंत्री अनिल विज की कोठी का घेराव करेंगें। गौरतलब रहे एलसीएलओ सीपीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले मुख्यमंत्री के गृह नगर में कुरुक्षेत्र में 19 सितंबर से दिन रात का धरना चल रहा है और 29 सितम्बर से क्रमिक अनशन पर बैठे है। संगठन नेताओं ने कि हजारों एलसीएलओ का नियुक्ति के समय पदनाम बदल दिया गया जिसके चलते 18 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। जबकि सरकार व विभाग द्वारा इनकी परीक्षा सीपीएलओ के पद हेतु ली गई थी। संगठन के राज्य प्रधान नीतू ने बताया कि क्रीड के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा की 7000 ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में होनी थी, जहां बैठकर ये फैमिली कऊ से जुड़े कार्य, जैसे आय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,निवास प्रमाण पत्र,पेंशन वेरिफिकेशन इत्यादि का कार्य करते। लेकिन चयन के बाद इसमें से करीब साढ़े तीन हजार को आधे को पदनाम बदलकर एलसीएलओ का ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट दिया। जबकि विज्ञापन सीपीएलओ (क्रिड़ पंचायत लोकल ऑपरेटर) का था। जिनका पदनाम बदलकर एलसीएलओ बनाया, को ना त कोई मानदेय/वेतन मिल रहा है और न ही कोई काम दिया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सरकार जल्द हमारे एलसीएलओ पद को सीपीएलओ में बदले। तब तक हमारा कुरुक्षेत्र में धरना जारी रहेगा और 13 नवम्बर को सरकार के मंत्रियो के दरवाजे पर हरियाणा के अलग-अलग स्थानो पर धरना दिया जाएगा।

# अंबाला : नौ सूदखोरों के खिलाफ पुलिस ने की ठोस कार्रवाई

- सूदखोरों की पहचान करके उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाएं : एसपी

**अंबाला।** पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देश पर पुलिस ने सूदखोरी का कार्य करने वाले व लोगों से मोटा ब्याज खाने व लोगों को कर्ज देकर उनका आर्थिक शोषण करने वाले आरोपियों के महेशनगर थाने में 5 मामले दर्ज किए हैं। इसी तरह पुलिस ने थाना बलदेव नगर में 2, थाना साहा क्षेत्र में 1, थाना अंबाला छावनी में 1 मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि सूदखोर जरुरतमंद लोगों को ऊंची दर के ब्याज पर पैसा देकर अपने जाल में फंसाते हैं। ब्याज के बदले जमीन/गहने आदि हडप कर उनका शोषण किया जाता है। ऐसे सूदखोरो की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। सूदखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया हैं। जिला में विभिन्न थाना क्षेत्रों में सूदखोरी का कार्य करने वाले 9 सूदखोरों पर मामला दर्ज कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने पीडित व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके साथ कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रुम व मोबाईल नंबर 9729990112 पर शिकायत कर सकतें है। शिकायत के लिए उनके कार्यालय में भी मिल सकते है ताकि सूदखोरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके। लोगों को प्रताडना से बचाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ब्याज पर पैसा देकर अधिक ब्याज की मांग करता है या वसूल करता हैं तो पुलिस को शिकायत करें। सूदखोरों द्वारा मजबूर लोगों से बहुत अधिक ब्याज वसूलकर उनको प्रताडित करते हैं। सूदखोर जिस व्यक्ति को पैसे उधार देते हैं उनसे खाली चेक, स्टांप पेपर व खाली दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाकर अपने पास रख लेते हैं। बाद में स्टांप पेपर पर झूठा ब्याना या एग्रीमेंट लिखवा कर उस व्यक्ति को ब्लैकमेल करके मोटा ब्याज वसूलते हैं। प्रायः ऐसे मामले सामने आते है कि सूदखोर गरीब और असहाय व्यक्तियों को कर्ज देकर उन्हें महंगें ब्याज की अदायगी के बोझ तले दबा देते हैं। उन्होंने सभी प्रबंधक थाना को सख्त निर्देश दिए कि सूदखोरी का कार्य करने वाले लोगों की पहचान करके उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य किया जाए।

## 27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव के आयोजन का तीसरा दिन

# झज्जर की पारूल ने साइकिलिंग में जीता स्वर्ण पदक

- पुरुष वर्ग में फतेहाबाद के रमन ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव के आयोजन में साइकिलिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोड साइकिलिंग के मुकाबले शाहाबाद से इस्माईलाबाद रोड पर करवाए मुकाबलो को लेकर हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि राज्य खेल उत्सव का आयोजन से जहां प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों को फिर से एकत्रित होने का मौका मिला और खेलने का मौका मिल रहा है। इस आयोजन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल का प्रदेश महासचिव नीरज तंवर ने आभार जताया और कहा कि यह 13 वर्षों बाद जो वनवास खत्म हुआ इससे खिलाड़ियों में और अधिक उत्साह है। महिला वर्ग के 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में झज्जर की पारुल ने 40:31:395 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। कुरुक्षेत्र की हिमांशी ने 40:41:711 मिनट का समय लेकर रजत तथा फतेहाबाद की शोभा ने 41:48:453 मिनट का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों के 40 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में फतेहाबाद के रमन ने 52:04:606 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक और करनाल के गौतम ने 52:13:500 मिनट का समय लेकर रजत तथा भिवानी के मनजीत ने 53:20:410 मिनट का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य खेल उत्सव के तीसरे दिन साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर, सहसचिव जगदीश असीजा कंपटीशन डायरेक्टर प्रवीण कुमार, साई कोच कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह,जसविंदर सिंह भुल्लर समीर यादव, संजय कुमार, देवेन्द्र सिंह, विकास कश्यप सुनील कुमार, हैप्पी असीजा, ओंकार सिंह, पंजाब सिंह, पंकज, राजेन्द्र सैनी, गौरव, नेहा, सुनीता, अशोक शर्मा, रविंद्र हुड्डा, संजीव कुमार, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सोमवीर, आशु शर्मा, कमल शर्मा, राजविंदर कौर, नेहा सैनी, नीरज देवी, अनिल कुमार, सुनील कुमार, आदि मौजूद थे।

## पूजा चौधरी ने सरकार को दिया अल्टीमेटम

# 15 नवंबर तक हो साहा -कालपी सड़क का निर्माण : विधायक

- निर्माण कार्य शुरू न होने पर सरकार के खिलाफ धरने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

विधायक पूजा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 15 नवंबर तक साहा से कालपी तक की सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन के साथ मिलकर प्रदेश सरकार के खिलाफ़ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने तब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो जनसहयोग से कार सेवा कर सड़क बनाने का कार्य खुद शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि साहा से कालपी तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जिससे आए दिन धूल-मिट्टी, प्रदूषण और जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों की जान तक जा चुकी है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। विधायक ने कहा कि उन्होंने कई बार इस विषय को सरकार के समक्ष उठाया है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं साहा से कालपी व शहजादपुर मार्ग को फोरलेन बनाने की घोषणा की थी मगर अब तक उस पर अमल नहीं हुआ। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री द्वारा जून माह तक प्रदेश की सभी टूटी सड़कों के नवीनीकरण का आश्वासन दिया गया था जो अब केवल जुमला साबित हो रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने वायदे के मुताबिक साहा से कालपी व शहजादपुर जाने वाली सड़कों का फोरलेन कार्य शीघ्र पूरा करवाएं, ताकि राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी से निजात मिल सके।



पूजा चौधरी।

## खबर संक्षेप



### जेएमआईटी कॉलेज में 5 दिवसीय कार्यशाला

**रादौर।** रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीसीए विभाग की ओर से कोडवीटा प्रिपरेशन सेशन पर 5 दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को अक्षित बाटलाए,सीईओ एवं शिव सैनी, सॉफ्टवेयर डेवलपर, जैन वी वेबस्टर्स, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया गया। कार्यशाला बीसीए फाइनल एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। इसमें छात्रों को डीएसए में काम करना सिखाया गया। कार्यशाला में 41 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज निदेशक डॉक्टर एसके गर्ग ने कहा कि उद्योग विशेषज्ञ के साथ होने वाली ऐसी कार्यशाला छात्रों को तकनीकी ज्ञान देने का बेहतरीन तरीका है। इस अवसर पर बीसीए विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर नवदीप कुमार चोपड़ा, संवेदना, निशि, दीप्ति चौहान, अनु आदि मौजूद रहे।

### कैंटर की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

**यमुनानगर।** छछरौली के नजदीक देर शाम कैंटर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मांडखेड़ी निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव बलाचोर निवासी 60 वर्षीय बलदेव बुधवार शाम को अपनी बाइक पर किसी काम से छछरौली आया था। जब वह शाम को वापस घर लौट रहा था तो छछरौली के नजदीक तेज गति से आ रहे कैंटर ने बलदेव की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बलदेव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कैंटर चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टर ने बलदेव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## श्री कपालमोचन मेला : सदियों पुरानी परंपरा के तहत अंतिम दिन स्थानीय लोग उमड़े


**श्री कपालमोचन मेले से दूर-दराज से आए श्रद्धालु व साधु संत जा चुके वापस**

# पूर्ण स्नान के एक दिन बाद स्थानीय लोगों ने पवित्र सरोवरों में किया स्नान





यमुनानगर। कपालमोचन तीर्थ स्थल पर सरोवरों में स्नान करते स्थानीय श्रद्धालु व मेले में दुकानों से खरीददारी करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। व्यासपुर में श्री कपालमोचन तीर्थ सरोवर के तट पर स्थित गुरुद्वारा साहिब में कृषि मंत्री का स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत करते प्रबंधक कमेटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कपालमोचन पर चल रहे पांच दिवसीय मेले के संपन्न होने के एक दिन बाद परंपरा अनुसार स्थानीय श्रद्धालुओं ने ऋण मोचन, सूरजकुंड व कपालमोचन सरोवर में स्नान कर पूजा अर्चना की। प्रशासन की मानें तो वीरवार को तीर्थ सरोवरों में करीब पचास हजार से अधिक स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्नान किया। कपालमोचन मेले की सदियों से परंपरा रही है कि हर वर्ष मेला संपन्न होने के एक दिन बाद स्थानीय श्रद्धालु तीर्थ सरोवरों पर पहुंचकर स्नान करते हैं। वह पूजा अर्चना करके मन्नत मांगते हैं। खास बात यह है कि स्थानीय श्रद्धालु पूर्ण स्नान होने के पश्चात ही तीर्थ सरोवर पर पहुंचते हैं। तीर्थ स्थल पर स्नान करने पहुंचे स्थानीय श्रद्धालु रवि कुमार, संदीप कुमार, रोहित, सुखचैन सिंह, रविंद्र व कुलबीर आदि ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मेहमान को भगवान माना गया है। यही वजह है कि कपाल मोचन में आयोजित मेले में कार्तिक पूर्णिमा तक अन्य राज्यों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इन्हें कोई परेशानी न हो इसी वजह से स्थानीय श्रद्धालु उनके घरों को लौटने के पश्चात ही मेला परिसर में अपने कदम रखते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

### तीर्थस्थल पर स्थानीय श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

वीरवार सुबह होते ही हजारों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं की भीड़ तीर्थ स्थल पर उमड़नी शुरू हो गई थी, जिनमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक थी। श्रद्धालुओं का तीर्थ स्थल पर पूरा दिन आवागमन जारी रहा और उन्होंने सरोवरों में स्नान कर पूजा अर्चना की और मन्नतें मांगी। वीरवार को स्थानीय श्रद्धालुओं ने मेला परिसर में लगी दुकानों से भी जमकर खरीददारी की। मुख्य मेला प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि पूर्ण स्नान के बाद वीरवार को भी दिन भर प्रशासन ने मेला स्थल पर पूरे इंतजाम किए रखे। इस दौरान किसी भी स्थानीय श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं आने दी गई।

### मंत्री श्याम सिंह राणा ने कपालमोचन तीर्थ पहुंचकर की पूजा

**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने तीर्थराज कपाल मोचन में पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रविन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने उनको शॉल भेंट कर स्वागत किया। वहीं, डेरा बाबा लाल दास के महंत निर्मल दास ने भी उनको शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत उन्होंने तीर्थ स्थल स्थित गऊ बच्छा घाट पर पूजा अर्चना में भाग लिया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि तीज त्योहार व मेले भारतीय संस्कृति व जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग हैं, जिनके माध्यम से भारत वर्ष के पुरातन रीति रिवाज, परम्पराएं, लोक कथाएं एवं जनश्रुतियां बड़े गहरे से जुड़ी हैं। भारत की भूमि ऋषि मुनियों, पीर पैगम्बरों, शूरवीर योद्धाओं और गुरुओं की भूमि है। यहां की धरती को ऋषि मुनियों ने अपने तपोबल से पावन किया है। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन व श्राइन बोर्ड द्वारा मेले में किए गए प्रबंधों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेले में बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की बेहतरीन व्यवस्था देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत विश्व के अन्य देशों से हटकर है और आपसी एकता व भाईचारे की यही खूबसूरती केवल भारत में ही देखने को मिलती है।



### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पर उसकी अश्लील वीडियो व फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। बाद में युवक ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ अश्लील वीडियो व फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप

जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने हुडा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात अमित के साथ हुई थी। आरोपी ने उससे फोन पर बात करनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी उससे शादी करने के लिए कहने लगा। युवती ने बताया कि एक जनवरी 2020 को आरोपी युवक ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी युवक से मिलने के लिए गई तो आरोपी युवक उसे जगाधरी के एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो खींच ली। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर व शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने बताया कि गत तीन नवंबर को जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी युवक ने उसे मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शिशुओं की सुरक्षा से संबंधित जागरुकता जरूरी : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में गुरुवार को शिशु सुरक्षा दिवस के अवसर पर शिशुओं की सुरक्षा के बारे में चर्चा की। मौके पर मौजूद एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि शिशु दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में शिशुओं की सुरक्षा से संबंधित जागरुकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल कर उनके जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने बताया कि विश्व भर में नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना होने तथा सही देखभाल ना होने के कारण वह काल के गाल में समा जाते हैं। भारत में शिशुओं के मृत्यु दर कई देशों की अपेक्षा अधिक है। स्वास्थ्य संबंधी देखभाल ना होने के कारण यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। देश की कई सरकारों ने इस संदर्भ में कई कार्यक्रमों और योजनाओं को जनहित में लागू करके शिशुओं की मृत्यु दर को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए है। लेकिन बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव तथा जागरुकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में अपेक्षित कमी नहीं आई है।



एसएमओ डा. विजय परमार।

## कांग्रेस के भीतर राहुल गांधी की कार्यशैली को लेकर बढ़ रहा असंतोष : कंवरपाल

■ पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर हरियाणा के चुनाव पर अनाप शनाप बयान देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी राजनीतिक असफलता को छिपाने के लिए लगातार बेबुनियादी बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल गांधी की कार्यशैली को लेकर आज कांग्रेस के भीतर ही असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने उक्त शब्द वीरवार को जगाधरी में बातचीत करते हुए कहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि बिहार में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी दिल्ली में बैठकर हरियाणा की बात कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि उनके पास जनता के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, राहुल गांधी देश से बाहर चले जाते हैं। वह कभी थाईलैंड, कभी कंबोडिया और कभी कोलंबिया पहुंच जाते हैं। विदेश से प्रेरणा लेकर वह फर्जी नैरेटिव और प्रोपेगेंडा बनाते हैं और देश की जनता व मीडिया का कीमती समय बर्बाद करते हैं। उन्होंने बताया कि जब एग्जिट पोल उनके पक्ष में आते हैं तो राहुल गांधी मीडिया की तारीफ करते हैं, लेकिन जब विरोध में आते हैं तो मीडिया और चुनाव आयोग को निशाना बनाते हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि हरियाणा कांग्रेस की नेता कुमारी शैलजा पहले ही स्वीकार कर चुकी हैं कि पार्टी के अंदर तालमेल नहीं है और हाल ही में एक पूर्व मंत्री ने भी इस्तीफा देते हुए कहा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं की वजह से हारी है।



पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

## मेयर का निगम कार्यालय में छापा, 27 मिले गैरहाजिर



यमुनानगर। जगाधरी निगम कार्यालय में हाजिरी रजिस्टर की जांच करती मेयर सुमन बहमनी।

■ जनहित के कार्यों को लेकर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार सुबह जगाधरी स्थित नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले मेयर ने हाजिरी रजिस्टर की जांच की, जिसमें 27 कर्मचारियों की हाजिरी नहीं लगी हुई थी। मेयर ने सभी 27 कर्मियों की गैर हाजिरी दर्ज की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए।

मेयर सुमन बहमनी ने सभी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनहित कार्यों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना बताए अनुपस्थित रहने और देरी से आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वीरवार सुबह 9.30 बजे अचानक जगाधरी नगर निगम कार्यालय में पहुंचीं। कार्यालय आते ही उन्होंने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इससे कर्मचारियों में खलबली मच गई। कई कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं पहुंचे थे। रजिस्टर में भी 27 कर्मचारियों की हाजिरी नहीं लगी हुई थी। कुछ कर्मचारी 9.30 बजे के बाद आए। लेकिन देरी से आने वाले किसी कर्मचारी की हाजिरी दर्ज नहीं की गई।

मेयर ने कहा कि निगम कार्यालय में रोजाना सैकड़ों लोग विभिन्न कार्यों के लिए आते है। यदि कार्यालय आने पर भी समय पर उनके कार्य नहीं होते तो इसके लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदार है। इसलिए जनहित के कार्यों के मद्देनजर सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पहुंचे और लोगों के कार्य निर्धारित समय से पहले करे।



यमुनानगर। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता।

### प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान : सीटीएम

**यमुनानगर।** वीरवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में मॉडल टाउन निवासी धर्म नारायण ने नाले की सफाई व स्ट्रीट लाइट ठीक करवाने बारे व लल्हाड़ी कलां निवासी बलजिंदर सिंह ने सोमनदी के लिए आए पत्थरों की जांच करवाने समेत अन्य समस्याएं आई।


### जिला युवा उत्सव में पॉलिटेक्निक दामला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रादौर।** यमुनानगर पॉलिटेक्निक दामला के छात्रों ने जिला युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। प्राचार्य अनिल कुमार के नेतृत्व व प्राध्यापकों संजय पुरी, ऋचा खरबंदा, रंजन पन्नूए, कनिका चड्ढा, कंचन, मनीदीप के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा व टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में आदर्श धीमान, ग्रेसी व अथर्व ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि ने कहानी लेखन में द्वितीय स्थान हासिल किया। आदि नागपाल (विज्ञान प्रदर्शनी)व राधिका (कविता लेखन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने विजेताओं को प्रमाणपत्र व 3100, 2100 व 1100 के नगद पुरस्कार प्रदान किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आदर्श, ग्रेसी व अथर्व का चयन राज्य स्तरीय युवा उत्सव में यमुनानगर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। संस्थान के प्रबंधन एवं प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी विजेताओंए प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह व मेहनत की सराहना की।

## श्मशान घाट रोड पर स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरे में हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर शहर के श्मशान घाट रोड पर नगरपालिका द्वारा सड़क के बीचों-बीच बनाए गए डिवाइडर लोगों के लिए आफत बन गए हैं। नगरपालिका की ओर से श्मशान घाट रोड पर डिवाइडर तो लगा दिए गए, परंतु रोशनी का प्रबंध करना भूल गया। श्मशान घाट रोड पर स्ट्रीट लाइट न होने के कारण सड़क पर हमेशा अंधेरा फैला रहता है। जिस कारण आए दिन लोग सड़क के बीचों बीच बनाए गए डिवाइडर से टकराकर घायल हो रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी मंगतराम, राजेश, कुलदीप, रोशनी, कुलवंत व सन्नी आदि ने बताया कि नगरपालिका की ओर से श्मशान घाट सड़क मार्ग के बीचों बीच डिवाइडर बनाया हुआ है। परंतु श्मशान घाट रोड पर रोशनी का प्रबंध करवाना नगरपालिका भूल गई है। इस कारण पूरी सड़क पर अंधेरा रहता है। वहीं नगरपालिका द्वारा डिवाइडर को लेकर कोई भी सूचनात्मक बोर्ड नहीं लगवाया है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से इस रोड पर स्ट्रीट लाइटों का प्रबंध करवाने की मांग की।



रादौर। श्मशान घाट रोड पर सड़क के बीचों बीच बना डिवाइडर, जो हादसों को न्योता दे रहा।

## गन्ना पेराई जल्द शुरू होने से 45 हजार किसानों को मिलेगा लाभ

# शुगर मिल में गन्ना पेराई का 18 नवंबर को होगा शुभारंभ

**जिले में शुगर मिल के जल्द शुरू होने से गेहूं बिजाई का रकबा बढ़ने की जगी उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल में 2025-26 सत्र के लिए गन्ना पेराई के कार्य का शुभारंभ 18 नवंबर को सुबह नौ बजे विधिवत रूप से किया जाएगा। मिल के शुभारंभ अवसर पर गन्ना पेराई शुरू करने से पहले हवन-यज्ञ किया जाएगा। हवन-यज्ञ में मिल के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (केन) डीपी सिंह व मुख्य संचालन अधिकारी समेत अन्य अधिकारी आहुतियां डालकर मिल के सफल संचालन की कामना करेंगे।



यमुनानगर। शुगर मिल के शुभारंभ के इंतजामों का जायजा लेते हुए मिल अधिकारी।

### 75 हजार एकड़ में गन्ने की फसल

सरस्वती शुगर मिल के साथ करीब 40 हजार गन्ना किसान जुड़े हैं। जिन्होंने करीब 75 हजार एकड़ में गन्ने की फसल की पैदावार की हुई है। मिल के जल्द चलने से गन्ना किसान अपनी गन्ने की फसल की कटाई करने के बाद उन खेतों में गेहूं की बिजाई कर सकेंगे। जिससे जिले में गेहूं की बिजाई का क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना बन गई है।

### सवा करोड़ क्विंटल गन्ना पेराई करने का रखा लक्ष्य

शुगर मिल के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (केन) डीपी सिंह ने बताया कि मिल में चालू सीजन 2025-26 के पेराई सत्र में एक करोड़ 25 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने का लक्ष्य रखा गया है। गत वर्ष शुगर मिल में एक करोड़ 40 लाख क्विंटल गन्ना पेराई की गई थी। उन्होंने बताया कि गन्ना खरीद के लिए मिल क्षेत्र में 45 गन्ना खरीद केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर गन्ना किसान अपना गन्ना डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिल के शुभारंभ से एक दिन पहले 17 नवंबर को गन्ना खरीद केंद्रों पर गन्ना खरीद का कार्य शुरू कर दिया जोगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी गत सीजन की तरह एडवांस टोकन प्रणाली लागू रहेगी। किसान सुविधा अनुसार कम समय में गन्ना आपूर्ति कर सकते हैं।

## गुरुद्वारा सिंह सभा व बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारे में अखंड पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

गुरुद्वारा सिंह सभा व बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा रादौर में गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन हो गया। अखंड पाठ का समापन होने पर दोनों स्थानों पर लंगर बरताया गया। लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा के प्रधान कोमल अरोड़ा व गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी की पावन जयंती के उपलक्ष में गुरुद्वारों में तीन दिवसीय अखंड पाठ और कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी की सुख शांति के लिए अरदास की गई। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय अखंड पाठ के समापन पर लंगर बरताया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा में अशोक आहूजा व सचिन परुथी आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। वहीं, गुरुद्वारा सिंह सभा में पूर्व प्रधान मेजर सिंह औजला, सतविंदर सिंह रिंकू, राजबीर ठेकेदार, तरनजीत सिंह, रणजीत सिंह, अवतार सिंह, प्रेम सिंह व बलविंदर मौजूद रहे।



यमुनानगर। बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप



### बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो. ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम पीएमओ को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं यूपीएचसी में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को कैडर के मूल वेतनमान 4200 ग्रेड पे का लाभ प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों को नियमित एम पी एच डब्ल्यू फीमेल कर्मचारियों की तरह वर्दी भत्ता, टउल भत्ता, एवं ट्रेवलिंग एलाउंस प्रदान किया जाए।

### विधिक जागरुकता शिविरों का किया आयोजन

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र, दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतीका भारद्वाज के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत पैनल अधिवक्ता अनु रानी द्वारा दयानंद महिला महाविद्यालय में तथा पैनल अधिवक्ता कुलदीप सिंह आल्यान द्वारा भगवान परशुराम कॉलेज में विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों आदि के बारे में जानकारी दी गई।

### डी फार्मेसी में जीरो फीस पर दाखिलों से उत्साह

**कुरुक्षेत्र।** बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा कई ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा के मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए कुरुक्षेत्र जिले के मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र लाडवा के गांव मथाना स्थित डॉ बी आर आंबेडकर फार्मेसी कॉलेज ने एक बड़ी घोषणा से की है जिससे स्थानीय छात्र यह सुनहरा अवसर मिलने से उत्साहित है। डॉ अंबेडकर कॉलेज ने संविधान के सम्मान में 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम वर्ष की 75% सीटों पर बिना फीस के जीरो फीस पर दाखिला दिया जा रहा हैं।

### गुरुद्वारा साहिब में स्टाल लगाकर की संगत सेवा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीहेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में आयोजित विशेष रात्रि दीवान में आई संगत के लिए जल पान, चाय-दूध, मिठाई, समोसा, लड्डू आदि के स्टाल लगाए। सोसायटी के प्रधान तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि सोसायटी सभी गुरु साहिब के पर्वो पर गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने आई संगत का स्वागत करते हुए यह सेवा वर्ष 1986 से निरंतर कर रही है। इसके अलावा सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिये भी हमारे सभी साथी सहयोग करने के लिए सदैव हाजिर रहते है।

## गांव डींग की 4.86 करोड़ की लागत से बनने वाले पीएचसी बिल्डिंग का किया भूमि पूजन

# मुख्यमंत्री का विजन हर नागरिक को स्वास्थ्य और शिक्षा देना : सैनी

- गांव डींग की पीएचसी में 26 गांवों के नागरिकों के स्वास्थ्य की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजन स्पष्ट रहा है कि स्वास्थ्य और शिक्षा हर नागरिक का पहला अधिकार है। वे मानते हैं कि हमारी सरकार का कर्तव्य है कि आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी बेहतरीन सुविधाएं पहुंचे। यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसी सोच का परिणाम है। यह दिखाता है कि शहर और गांव के बीच कोई अंतर नहीं रहेगा। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को गाव डींग में प्राथमिक हेल्थ सेंटर के भूमि पूजन कार्यक्रम में बोल रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन अमित व सरपंच नेहा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने दो एकड़ में 4.86 करोड़ से बनने वाले पीएचसी की बिल्डिंग का मंत्रोच्चारण के साथ विधि पूर्वक ढंग से भूमि पूजन करके शुरूआत की। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आज गांव डीग के लिए एक बहुत ही शुभ दिन है।



कुरुक्षेत्र। भूमि पूजन करती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

### पहला सुख निरोगी काया

उपाध्यक्ष ने कहा कि यहां प्राथमिक हेल्थ सेंटर के लिए भूमि पूजन किया गया है। इस भूमि पर 26 गांवों के नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की इमारत खड़ी होगी। यह एक ऐसी सुविधा है जिसकी जरूरत हम सबको सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि पहला सुख निरोगी काया है। जब हमारा शरीर स्वस्थ होता है, तभी हमारा मन खुश रहता है। उन्होंने कहा कि यह पी.एच.सी. 26 गांवों की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। यह हेल्थ सेंटर शुरू होने से गांव डीग सहित आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर और नजदीकी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम के अंत में पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ धर्मवीर आर्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पीएचसी का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, तीन ओपीडी, दो डिस्पेंसरी, बेबी क्लीनिक, दो एलडीआर, दो हॉल, दो स्टोर, एक हेल्थ वेलनेस सेंटर, एक मीटिंग हाल और एक कंटीन का निर्माण किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, देवेंद्र शर्मा, शिवराम सैनी, मोहन प्रजापत, बलदेव शर्मा, ध्यानचंद, देवी दयाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आधुनिक कचरा शेड बाबैन गांव की जागरुकता जिम्मेदारी व सामूहिक प्रयासों का प्रतीक : सुमन

# 42 लाख रुपये की लागत से बाबैन में तैयार आधुनिक कचरा शेड का शुभारंभ



**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान देश भर में राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया था। इस अभियान के तहत स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री के अभियान को आगे बढ़ाते हुए हम जिस 'आधुनिक कचरा शेड' का आज उद्घाटन कर रहे हैं, वह हमारे गांव की जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। यह पहल न केवल गांव के स्वरूप को बेहतर बनाएगी, बल्कि हमारे सोचने, समझने और जीने के ढंग को भी नया आयाम देगी। स्वच्छता एक संस्कार है, जो हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी वीरवार को बाबैन में तैयार किए आधुनिक कचरा शेड के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थी। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने रिबन काटकर का शुभारंभ किया। आधुनिक कचरा शेड को 42 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, सरपंच संजीव सिंगला ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि आप सबके बीच यहां आकर अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह गांव आज स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल करने जा रहा है। यह आधुनिक कचरा शेड उसी सोच की सजीव मिसाल है। यह दिखाता है कि जब सरकार और जनता साथ चलें, तो हर असंभव कार्य संभव हो जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, सरपंच संजीव सिंगला, बीडीपीओ रूबल, राजकुमार बेदी, वंदना गोरी, छबेग सिंह बाबैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# लालच और डर साइबर अपराध की सबसे बड़ी वजहः महेश कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में गुरुवार को साइबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम थाना (कुरुक्षेत्र) प्रभारी महेश कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।थाना प्रभारी महेश कुमार ने कहा कि ज्यादातर साइबर अपराध लालच या डर की वजह से होते हैं। अपराधी पहले व्यक्ति का भरोसा जीतते हैं और फिर धीरे-धीरे उसे जाल में फंसा कर आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने समझाया कि किसी भी संदिग्ध संदेश, कॉल या ऑफर पर प्रतिक्रिया देने से पहले रुकें, सोचें और फिर निर्णय लें। यही साइबर सुरक्षा का मूल मंत्र है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने महेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की समझ भी देते हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर बृजेंद्र तोमर, एकेडमिक अफेयर प्रो. जितेश कुमार पंडा, प्रॉक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. दीप्ति पराशर, प्रो. शीलत सिंगला, प्रो. सीमा रानी, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. अरविंद अरोड़ा, प्रो. पीसी मंगल, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. नेहा लांबा समेत अन्य उपस्थित रहे।

### 13-14 को होगा इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि संस्थान द्वारा 13 और 14 नवंबर, 2025 को इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आधिकारिक ब्रोशर गुरुवार को संस्थान की निदेशक डॉ. सुशीला देवी चौहान द्वारा जारी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएँ विधि शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं, जो छात्रों को अदालत की कार्यवाही, विधिक शोध, ड्राफ्टिंग तथा मौखिक वकालत का वास्तविक अनुभव प्रदान करती हैं। यह प्रतियोगिता छात्रों में आत्मविश्वास, तर्कशक्ति और व्यावहारिक कौशल विकास के उद्देश्य को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

- भाजपा ने किया जनता के साथ धोखा, जनता नहीं करेगी माफ : काला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस वार्ता के बाद वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए और भाजपा के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र में जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर हाथों में कैंडल लेकर शहर के महाराजा अग्रसेन चौंक तक भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंडल मार्च निकला। वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन की अगुवाई शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने की। उन्होंने कहा भाजपा सरकार सत्ता हथियाने के लिए किसी भी प्रकार का हथकंडा अपना सकती है उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की वोट चोरी का काम करती है आज लोकतंत्र खतरे में है और कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र बचाने और अपने हक की लड़ाई लड़ता रहेगा।




कुरुक्षेत्र। वोट चोरी गद्दी छोड़ अभियान के तहत कैंडल मार्च मार्च निकालते हुए शाहाबाद विधायक रामकरण काला एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।

### 25 लाख वोट फर्जी तरीके से बनाए : विधायक

विधायक रामकरण काला ने कहा कि भाजपा की वोट चोरी अब सबके सामने आ चुकी है यह लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष ही चुनाव हुए और इन चुनावों में भाजपा से हर वर्ग दुखी ओर परेशान था सरकार बदलना चाहते थे और कांग्रेस की प्रदेश में लहर थी और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही थी कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा था। लेकिन भाजपा को हार का डर सताने लगा और प्रदेश में भाजपा ने छल कपट करते हुए 25 लाख वोट फर्जी तरीके से बनाने का काम किया।

# दो दिवसीय नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा योग और पंचकर्म शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हनोरी रोड पर स्थित आरोग्य धाम में चल रहे दो दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा योग व पंचकर्म शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली की वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक एवं उद्योगपति डॉ. शुक्ला गुप्ता ने शिरकत की और रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिविर में भाग ले रहे लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर शुक्ला गुप्ता ने बताया कि आजकल खानपान में अनेकों केमिकल और जहरीले पदार्थ हमारे ना चाहते हुए भी तरह-तरह की खाने पीने की चीजों में होने वाली मिलावट के रूप में और वातावरण में फैल रहे प्रदूषण का असर हमारे स्वास्थ्य पर बहुत ही हानिकारक रूप से पड़ता है और हमारा शरीर जब इस



जहरीले पदार्थ यानी कि विजातीय द्रव्य को शरीर से बाहर नहीं निकल पाता तो हमारे शरीर में तरह-तरह के रोग पैदा होने लगते हैं यदि आप सभी को पूर्ण स्वस्थ चाहिए तो सिर्फ दवाइयां और इंजेक्शन पर निर्भर नहीं रह सकते इसके लिए हम सभी को योग व प्राकृतिक चिकित्सा की शरीर शोधन विधियां जानकार भली भांति सीखनी होगी और उन्हें अपना कर अपने शरीर को निर्मल व बलवान बना पाएंगे।

## पुष्प वर्षा एवं श्रीब्रह्मा आरती के साथ संपन्न हुआ ब्रह्मोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्मोत्सव की संपूर्णता बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई।



कार्तिक मास से चल रहे ब्रह्मोत्सव का समापन पुष्प वर्षा, सामूहिक आरती एवं ब्रह्म यज्ञ की पूणार्हुति के साथ किया गया। ब्रह्मोत्सव के इस पावन अवसर कुरड़ी वाले महाराज ने कहा कि जो जीव श्रीब्रह्मासिद्पीठ व श्री ब्रह्मा रथयात्रा में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर हाजरी लगाते उसे जीवन में कभी अकाल कष्ट नहीं होता। आश्रम साधक ,साधिकाओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। समस्त वातावण ब्रह्ममय एवं आध्यात्मिक बना रहा। समस्त जन समूह ने भगवान श्रीब्रह्मा जी का आशीर्वाद ले कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस पुनीत अवसर पर हिमांशु अरोड़ा सुपुत्र विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, पंजाब, हिमाचल,उत्तरप्रदेश दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तरांचल,राजस्थान आदि प्रदेशों से आकर सपरिवार ब्रह्मोत्सव में हाजरी लगाकर आशीर्वाद ग्रहण किया ओर कुरड़ी वाले महाराज श्री जी द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया।

# कुवि की सांस्कृतिक टीम अंतर-क्षेत्रीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि की सांस्कृतिक टीम गुरुवार को प्रातः 9.00 बजे अंतर-क्षेत्रीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साह के साथ रवाना हुई। यह दल विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक उपलब्धियों और प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करेगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए. आर. चौधरी ने विश्वविद्यालय परिसर से सांस्कृतिक दल को अपनी शुभकामनाओं सहित रवाना किया।



### 80 छात्रों का दल अपनी प्रतिभा का करेगा प्रदर्शन

ए. आर. चौधरी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सदैव से सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आया है और इस बार भी विद्यार्थियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन की अपेक्षा है।कुल 80 छात्र-छात्राओं का यह दल विभिन्न सांस्कृतिक, संगीत, कला एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। विद्यार्थियों में प्रतियोगिताओं को लेकर गहरी तैयारी और उत्साह देखा गया। टीम के साथ मार्गदर्शक एवं टीचर इंचार्ज के रूप में डॉ. पुरुषोत्तम कुमार और डॉ. स्नेहलता भी उपस्थित रहेंगे।




कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

## अंतर-सदन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यमुना सदन ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय प्रांगण में चारों सदनों गंगा, यमुना, रावी और ब्रह्मपुत्र के मध्य अंतर-सदन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14,अंडर-17 तथा अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मैच अंडर-19 वर्ग में गंगा और रावी सदन के मध्य खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व छात्रावास मुख्य पर्यवेक्षक भास्करानंद एवं अन्य सम्मानित अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी को खेल भावना और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अंडर-14 वर्ग में यमुना सदन विजेता रहा, जबकि ब्रह्मपुत्र सदन उपविजेता रहा। अंडर-17 वर्ग में यमुना सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा गंगा सदन उपविजेता रहा। अंडर-19 वर्ग में गंगा सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि ब्रह्मपुत्र सदन उपविजेता रहा।

# कुरुक्षेत्र में होगा पहला ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंडितजी फाउंडेशन स्वावलंबी संस्थाक के राष्ट्रीय संरक्षक सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि ब्राह्मण रिश्ते संस्थानम, कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्राह्मण धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड में 9 नवंबर 2025 दिन रविवार को पहला ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में ब्राह्मणों के युवक युवतीयो के रिश्ते की समस्या का समाधान करना और शादी योग्य वर वधु का डाटा आपस में साझा करना है। संस्था के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि ब्राह्मण रिश्ते संस्थानम पिछले 5 वर्ष से समाज हित में प्रयासरत है और लगभग 150 से ज्यादा ब्राह्मण परिवार इस सेवा का लाभ ले चुके है। संस्था इस कार्य को निशुल्क समाज सेवा के लिए चला रही है। कार्यक्रम के माध्यम से ब्राह्मण परिवारों को एकजुट कर उनके युवक युवतियों के डाटा को सांझा करना है। सरेंद्र कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में कई ब्राह्मण सभाओं के प्रतिनिधि और समाज सेवा में कार्यरत व्यक्ति शामिल होंगे। कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है जिसे कार्यक्रम में बड़ा रूप दिया जाएगा।



सुरेंद्र कौशिक।

**कार्यक्रम** | महाराजा अग्रसेन स्कूल दबखेड़ी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन

# विद्यार्थियों को शरीर, मन व विचारों में सशक्त बनाएं : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल, दबखेड़ी में एक अनूठे स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य था—विद्यार्थियों के शरीर, मन और विचारों को सर्दी के मौसम में भी सशक्त बनाए रखना। किशोर स्वास्थ्य अकादमी हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष एवं इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. राकेश भारद्वाज और डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा की देखरेख में आयोजित किया गया। इस शिविर ने विद्यार्थियों को जीवन के सबसे आवश्यक विषय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश भारद्वाज ने कहा कि भारत की युवा शक्ति ही आने वाले भारत की दिशा तय करेगी, और जब विद्यार्थी स्वस्थ रहेंगे, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि दिनचर्या में स्वच्छता, व्यायाम, पर्याप्त नींद और संतुलित आहार को स्थान दें, क्योंकि यही आदतें जीवनभर के स्वास्थ्य की नींव बनती है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक व शिक्षकगण।

### जंग फूड से बनाएं दूरी

डॉ. राकेश ने कहा कि हमें जंग फूड, तली हुई चीजों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि तनाव, चिंता और अत्यधिक मोबाइल उपयोग हमारे व्यक्तित्व को कमजोर करते हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अमिता शर्मा ने दोनों चिकित्सकों का हार्दिक स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी न केवल पढ़े-लिखे हों, बल्कि स्वस्थ, सजग और आत्मविश्वासी नागरिक बनें। शिक्षा का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है, जब उसके साथ स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों का समावेश हो। आज का यह शिविर विद्यार्थियों में जीवनभर के लिए सजगता और अनुशासन का बीज बो गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अमिता शर्मा ने दोनों प्रतिष्ठित चिकित्सकों को आयुर्वेदिक पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रियंका सिंगला, रीटा गुप्ता, अरुण धीमान, सीमा शर्मा व अन्य शिक्षिकाएं व शिक्षक मौजूद रहे। सकारात्मक सोच और संयमित जीवनशैली ही आज की सबसे बड़ी औषधि है।

### बच्चों को सेहत की समझ देना ही सच्चा शिक्षण

*डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2047 वॉं निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूक शिविर आयोजित किया गया। डॉ शर्मा ने कहा कि सर्दी के मौसम में होने वाले रोगों जैसे जुकाम, खांसी, गले में खराश, निमोनिया और त्वचा की सूखापन के कारणों व बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्दी में लापरवाही सबसे बड़ी बीमारी है। जब शरीर का प्रतिरोधक तंत्र कमजोर होता है, तो संक्रमण जल्दी फैलता है। स्वास्थ्य केवल शरीर की नहीं, मन की स्थिति भी है। जब बच्चा प्रसन्न रहेगा, तभी वह सीखने और आगे बढ़ने के योग्य बनेगा। बच्चों को केवल ज्ञान नहीं, सेहत की समझ देना ही सच्चा शिक्षण है।*

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी विकास कुमार उर्फ कैदी को गिरफ्तार किया है। यमुनानगर के कर्ण ने 17 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2025 को आरोपी ने सुभाष पार्क के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र पुरानी घास मंडी के पास से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बेचने के ममाले में पुलिस ने आरोपी जतिन उर्फ जानू को गिरफ्तार किया है। 5 नवंबर 2025 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जतिन उर्फ जानू चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में है। सूचना उपरांत पुलिस ने तुरंत आरोपी को मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। पूछताछ करने उपरांत आरोपी ने बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल डेराबस्सी से चोरी की है। पुलिस ने आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सामान चोरी का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार व संदीप कुमार उर्फ सोना उर्फ चिंगारू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। परिवादी बृजमोहन ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 अक्तूबर 2025 को आरोपी ने उसके घर से टोंटियां, कैमरा, ड्रिल व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला** । थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में संलिप्त अन्य आरोपी अमर कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 24 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 सितंबर 2025 को मोटरसाइकिल सवार आरोपियो ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर दो आरोपियों को काबू किया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सतबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव समलेहड़ी के लखमीर सिंह ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 मार्च 2024 से 20 अगस्त 2025 के दौरान गांव समलेहड़ी में आरोपी सतबीर सिंह व अन्य ने उसके पोते को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

संत श्री बैसाखी दास की पुण्य स्मृति में संत समागम का आयोजन

# गांव तंदवाली डेरा बेगमपुरा में उमड़ा श्रद्धा का जन सैलाब



बराड़ा। निशान साहिब की रस्म करते हुए मुख्य अतिथि व उपस्थित श्रद्धालु। फोंटो: हरिभूमि



■ संगत ने धार्मिक स्थान पर माथा टेका-सत्संग का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव तंदवाली में स्थित डेरा बेगमपुरा में ब्रह्मलीन 108 संत श्री बैसाखी दास उदासीन महाराज की 44वीं पुण्य स्मृति पर संत बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से विशाल संत समागम एवं अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। समागम में उमड़ी हजारों की संगत ने धार्मिक स्थान पर माथा टेका और सत्संग का आनंद लिया। सुबह अमृतवाणी के भोग उपरांत निशान साहिब की सेवा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ ने निभाई जबकि समागम का शुभारंभ यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने ज्योति प्रचंड कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अमर सिंह नंदगढ़ ने कहा कि "हमें अपने बच्चों में धार्मिक संस्कारों के साथ नशामुक्त जीवन की प्रेरणा देनी चाहिए। सतगुरु रविदास और बाबा साहेब अंबेडकर ने भी समाज को शिक्षित और जागरूक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंची मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि "संत और गुरु केवल एक समाज के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं। गुरु रविदास ने जो सद्भाव और समानता का संदेश सैकड़ों वर्ष पहले दिया था वह अब भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।" इस मौके पर ट्रस्ट प्रधान ईश्वर पाल, सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार, बचनदास खेड़वा, राकेश चंद, जिला परिषद सदस्य सुखविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, करनैल नगला, मुकेश समलेहड़ी, जीत राम, मामचंद, नाथी आदि मौजूद रहे।

#### भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

इस मौके पर गद्दीनशीन श्री 108 संत सोमदास उदासीन ने कहा कि "डेरे में विभिन्न सेवादारों द्वारा की जा रही सेवा सराहनीय है। उनके प्रयासों से डेरा बेगमपुरा का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि "भक्ति मार्ग पर चलकर ही सतगुरु की प्राप्ति होती है, इसलिए जीवन में गुरु को धारण करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संत वीर सिंह हितकारी, संत सतपाल दास चाहड़वाला सहित अनेक संतों ने भी अपने प्रवचन देकर संगत को धर्ममार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। समागम के अंत में अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### आडंबर में फंसकर जीवन व्यर्थ न करें

इस कार्यक्रम में पहुंचे डेरा सिरसगढ़ के संत मनदीप दास ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि "गुरु रविदास ने अपनी वाणी में परमात्मा से कहा कि अनेक जन्मों से मैं बिछड़ा रहा। पर यह जन्म मैं आपके सुपुर्द करता हूं। उन्होंने कहा कि "इधर-उधर भटकने की बजाय गुरु रविदास की शरण में आओ। जब हमारा अपना गुरु रविदास है, तो हमें अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं। पाखंड और आडंबर में फंसकर अपना जीवन व्यर्थ न करें।"

---



अंबाला। अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

# लालच देकर ठगी करने वाले एजेंटो पर कार्रवाई के निर्देश

■ मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनकर कार्रवाई के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए। टुंडला से आए युवक ने ऊर्जा मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि उसने विदेश जाने के लिए कुछ समय पूर्व एक एजेंट से संपर्क किया था। एजेंट ने उसे क्रोएशिया भेजने का झांसा दिया। उसने अपने कागजात व लगभग डेढ़ लाख रुपए एजेंट को दिए। एजेंट ने वादा किया था कि वो उसे क्रोएशिया भेज देगा। युवक का आरोप था कि कुछ समय बाद एजेंट ने न उसे विदेश भेजा न ही उसके पैसे वापस लौटाए। उसने जब पैसे मांगे तो वह भी एजेंट ने नहीं दिए। विज ने मामले में कैंट थाना पुलिस को एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रेम नगर के व्यक्ति ने कुछ लोगों द्वारा उसकी दुकान पर कब्जा करने की कोशिश करने की शिकायत दी जिस पर मंत्री ने एसएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। बब्याल की महिला ने उसकी बुढ़ापा पेंशन नहीं लगने की शिकायत दी जिस पर मंत्री ने पेंशन विभाग के अधिकारियों कार्रवाई के निर्देश दिए।

#### धन्यवाद व्यक्त किया

दयालबाग की महिला ने उसके घर से ढाई लाख रुपये चोरी होने, ट्रिब्यून कॉलोनी की बुजुर्ग महिला ने बेटे द्वारा उसे तंग करने, बीडी फ्लोर मिल वासी महिला ने उसके घर का मीटर नहीं लगने, छात्राओं द्वारा उनका बस पास बनाने, धोबी घाट में शैड लगाने, रामबाग रोड ग्वाल मंडी निवासियों द्वारा मृत जानवरों को उठाने के लिए कार्रवाई करने व आई अन्य शिकायतों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल के नवनियुक्त शक्ति प्रमुखों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निवास पर पहुंच उनका धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे।

---

# श्री गुरु नानक देव प्रकाश पर्व पर पूर्व विधायक ने गुरुघर में मत्था टेककर किया प्रसाद ग्रहण



**शहजादपुर।** प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी गांव कुल्हाड़पुर पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाकर शब्द कीर्तन सुना और गुरु घर का पवित्र लंगर प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. सैनी ने कहा कि गुरु नानक देव ने अपने उपदेशों के माध्यम से मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया वह अब भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं हमें दूसरों की सेवा करने, सच्चे मार्ग पर चलने और भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने उपस्थित संगत को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें गुरु नानक देव के बताए गए मार्ग पर चलकर समाज में शांति, एकता और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। गांव कुल्हाड़पुर के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भारी संख्या में संगत ने भाग लिया और श्रद्धा भाव से कीर्तन का आनंद लिया।

---

डीसी ने कार्यक्रम का किया मुआयना, सीएम सैनी कार्यक्रम में करेंगे हिस्सेदारी

# पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा वंदे मातरम गीत का स्मरण उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 7 नवंबर को पुलिस लाईन मैदान में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के दृष्टिगत स्मरण उत्सव के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त वीरवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार की और से वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में स्मरण उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 7 नवंबर को पुलिस लाइन मैदान में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए यहां पर मुख्य मंच की व्यवस्था, लोगों के बैठने , साफ-सफाई , मेडिकल , मोबाइल टॉयलेट की , पेयजल की व यातायात व्यवस्था के साथ-साथ अन्य कार्यों बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली से जो संदेश दिया जाएगा, उसे यहां पर दिखाने का काम किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने यह भी कहा कि वंदे मातरम गीत के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अधिक लोग यहां पर पहुंचे ताकि कार्यक्रम की भव्यता और बढ सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रशासनिक अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि उनके कार्यालय के सभी कर्मचारी यहां पर आना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दृष्टिगत जिन-जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है वे अपने विभाग से संबंधित सभी कार्यों को बेहतर समन्वय बनाकर करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता हरबंस सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, तहसीलदार आदित्य रंगा, डीएफएससी अपार , एडीआईओ शुभम जोधा, सिविल सर्जन डॉ. राकेश के साथ-साथ अधिकारी मौजूद रहे।

---

# लिवजोत ने तलवारबाजी में कब्जाया कांस्य पदक



जींद। प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता लिवजोत। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्टेट गेम्स तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट गेम्स 2025-26 एकल प्रतियोगिता सीनियर में रजत पदक एवं टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी जीत का परचम फहराया है। जींद जिले के लिवजोत ने तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 एकल प्रतियोगिता में भी जूनियर में स्वर्ण और सीनियर में रजत एवं टीम प्रतियोगिता में सीनियर में कांस्य व जूनियर में रजत पदक प्राप्त कर अपना परचम फहराया। लिवजोत एक होनहार खिलाड़ी है। यह खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी होशियार है। उसने अनेक पदक प्राप्त कर जींद जिले का नाम रोशन तो किया ही है। साथ में जींद शहर, हरियाणा प्रदेश व भारत देश का नाम भी रोशन कर रहा है। ये तलवारबाजी खेल 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर को सिसाय में संपन्न हुए।

#### एशियन चैंपियनशिप खेल चुका

लिवजोत ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में तो अनेकों पदक प्राप्त किए ही हैं, उनके साथ-साथ उत्तराखंड में आयोजित एशिया कैडेट कप में पिछले ही महीने लिवजोत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकल प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल प्राप्त किया था। लिवजोत विश्व चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप भी खेल चुका है। आगामी जूनियर व सीनियर नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। लिवजोत ने आगामी स्कूल नेशनल गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया हुआ है। अभी लिवजोत एएसआई पुणे में प्रशिक्षण ले रहा है। लिवजोत के कोच व अभिभावकों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

---

# बीमार खिलाड़ियों की सेहत में हो रहा सुधार, पिज्जा न खोलने की दी सलाह

■ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की सात खिलाड़ियों की तबीयत बिगड़ी

**अंबाला।** सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल खिलाड़ियों की सेहत में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही महाविद्यालय से प्राध्यापकों का एक दल टिंबर मार्केट स्थित जैन धर्मशाला में भी मामले की जांच करने पहुंचा। जहां पर खिलाड़ियों के कमरों के बाहर से पिज्जा व बाजार की खाद्य सामग्री भी पाई गई। जिस दौरान टीम जांच करने पहुंची तब भी पांच से छह पिज्जा के बॉक्स खिलाड़ी लेकर आ रहे थे। ऐसे में टीम ने तत्काल पिज्जा के बॉक्स को अपने पास रख लिया और खिलाड़ियों को बाहर के खाने से बचने की सलाह दी। मंगलवार देर रात्रि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की 7 महिला खिलाड़ियों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया था। इसमें महिला खिलाड़ियों की संख्या अधिक थी। इसके बाद खिलाड़ियों को कैंट के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया था।

---

# चुनाव आयोग का पुतला फूंका

» चुनाव आयोग के साथ सरकार विरोधी नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। चुनाव आयोग के खिलाफ मशाल मार्च निकालते कांग्रेसी।

नेता विपक्ष राहुल गांधी के विधानसभा चुनाव मे वोट चोरी के खुलासे के बाद कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए। वीरवार को कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अंबाला शहर में मशाल मार्च निकालकर चुनाव आयोग का पुतला आग के हवाले किया। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमेटी के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला। जैन ने कहा कि चुनाव आयोग की निगहेवानी में भाजपा पूरे देश में वोट चोरी कर अपनी सरकारें बना रही है।

#### वोट चोरी से सरकार बनाई

उन्होंने कहा कि जिस तरह नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई धांधली का भंडाफोड़ किया उससे साफ जाहिर हो गया है कि हरियाणा में भी भाजपा ने वोट चोरी के जरिए अपनी सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह चुनावी नतीजे आने से पहले सीएम नायब सैनी ने मीडिया के समक्ष यह दावा किया था कि पूर्ण बहुमत से उनकी सरकार बन रही है। इसके लिए सारी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। उनके इस बयान से भी काफी हद तक वोट चोरी का सच सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि वोट चोरी से आजादी व लोकतंत्र की रक्षा बेहद जरुरी है। इसी वजह से कांग्रेस सड़कों पर उतर इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कांग्रेस का हर कार्यकर्ता देश के लोकतंत्र को बचाने के संकल्प के साथ एकजुट है। जैन ने कहा कि हरियाणा में हुआ विधानसभा चुनाव जीता नहीं गया बल्कि 25 लाख फर्जी वोटों के सहारे 'चोरी' किया गया। उन्होंने न सिर्फ हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार को 'अवैध' करार देते हुए कहा कि हरियाणा में 25,41,144 फर्जी मतों के जरिए 'वोट चोरी' को अंजाम दिया गया।

---

**विकास** पूर्व मंत्री असीम गोयल के विजन से शहर में हर वार्ड तक पहुंच रही विकास की रोशनी

स्थानीय निवासियों ने पूर्व मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लाखों की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ

■ शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रतिदिन नए-नए विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। विकास कार्यों का शुभारंभ करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला शहर लगातार विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है। अंबाला शहर विधंसभम के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रतिदिन नए-नए विकास कार्य आरंभ हो रहे हैं जिससे जनता को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 3 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लाखों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय निगम सदस्य मनीष आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### ये रहे मौजूद

लोगों ने कहा कि असीम गोयल ने अपने कार्यकाल के दौरान ही नहीं, बल्कि उसके बाद भी अंबाला शहर के विकास को अपनी प्राथमिकता में रखा है। शहर के हर वार्ड में सड़कों, गलियों, सीवरेज, पार्कों और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने नारे लगाकर खुशी व्यक्त की। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष आनंद ने कहा कि पूर्व मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उनकी सोच हमेशा जनसेवा और जनता की भलाई के इर्द-गिर्द रही है। रितेश गोयल ने कहा कि असीम गोयल का सपना है कि अंबाला शहर हर दृष्टि से आधुनिक और सुविधाजनक बने। इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं ताकि हर वार्ड में विकास की रोशनी पहुंचे। इस अवसर पर मंडल महामंत्री मेहर चौधरी मंडल सचिव हरविंदर गई गई राकेश जोशी, ओमपाल कंबोज, टोनी, नरेश, टीआर शर्मा, बाबू राजू चावला, राजकुमार, कबीर चंद्र गोयल, चमन भोला व अन्य मौजूद रहे।